#2019/00 5[illegible]

146/19

FORM NO-III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत– **अपीलीय अधि0 एवं जिला कलक्टर** मुकाम अजमेर

रविन्द्र सिंह राठौड़ **बनाम** लोक सूचना अधि0 एवं उपखण्ड अधिकारी, अजमेर

किस्म मुकदमा–सूचना का अधिकार अधि.–2005 **प्रकरण संख्या 146 सन् 2019**

तारीख हुकम	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16/1/2020	पत्रावली पेश हुई। लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, अजमेर से प्राप्त टिप्पणी का अपील मीमो के अवलोकन किया गया। सूचना का सम्बन्ध यातायात निरीक्षक यातायात विभाग, खाईलैण्ड अजमेर से होने के कारण प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अधिनियम की धारा 6(3) के तहत समयावधि में पत्र दिनांक 26.11.2019 से उन्हे अन्तरित किया गया है। अपीलान्ट/प्रार्थी वांछित सूचना सम्बन्धित से प्राप्त करने हेतु स्वतंत्र है। यातायात निरीक्षक, यातायात विभाग, खाईलैण्ड, अजमेर के विरूद्ध अपील सुनवाई का क्षैत्राधिकर अधोहस्ताक्षर कर्ता का नहीं होने से अपील अपीलान्ट इसी कदर से इन निर्देशों के साथ निस्तारित की जाती है कि सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी (यातायात विभाग, अजमेर) नियमानुसार, उपलब्ध/देय तैयार सूचना 15 दिवस में अपीलार्थी को उपलब्ध करावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हों। [signature] (विश्व मोहन शर्मा) जिला कलक्टर, अजमेर	754-56 1/2/20

Scanned by CamScanner